तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि कांकेर भूमि

रायपुर, बुधवार, 6 अगस्त 2025

[ भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा ]



14 सर्वसमाज ने धर्मांतरण और अवैध घुसपैठ के खिलाफ...





14 तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्ती से ...




## खबर संक्षेप




### रामलला दर्शन योजना अंतर्गत जिले के 72 दर्शनार्थी रवाना

**कांकेर।** श्री रामलला दर्शन अयोध्याधाम यात्रा योजना अंतर्गत कांकेर जिले के 72 दर्शनार्थियों के साथ 02 अनुरक्षक सहित कुल 74 यात्रियों को आज आजीविका महाविद्यालय गोविंदपुर कांकेर से राजनांदगांव रेलवे स्टेशन के लिए रवाना किया गया। सभी यात्री कल 6 अगस्त को राजनांदगांव रेलवे स्टेशन से अयोध्याधाम दर्शन के लिए रवाना होंगे। दर्शनार्थियों को कांकेर से रवाना करने के अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष अरूण कौशिक, उपाध्यक्ष उत्तम यादव, जनपद अध्यक्ष पूर्णिमा कावडे एवं उपाध्यक्ष तारिणी बाबा ठाकुर, उप संचालक पंचायत कमल सिदार सहित विभागीय अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

### करंट की चपेट में आने से ग्रामीण की हुई मौत

**कांकेर।** विद्युत पोल में बिजली कनेक्शन में आई खराबी का सुधार करने के दौरान बड़गांव थानांतर्गत 30 वर्षीय मानसाय मंडावी का 3 अगस्त को मौत हो गया। पालवी निवासी धनसाय मंडावी ने पुलिस को बताया कि मृतक बिजली पोल से चालू हालत में बिजली कनेक्शन वायर में सुधार कार्य कर रहा था। अचानक करंट लगने से उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

### निर्गुंडी मैन उपेश्वर को तुलसी अलंकरण से किया सम्मानित

**धनेलीकन्हार।** तुलसी मानस प्रतिष्ठान तत्वाधान में गोविन्दपुर में आयोजित तुलसी जयंती समारोह के अवसर पर निर्गुंडी मैन के नाम से अपनी पहचान बनाने वाले उपेश्वर ठाकुर आयुर्वेद के जानकार को समाज सेवा के लिए तुलसी अलंकरण से सम्मानित किया गया। उपेश्वर ठाकुर पीएमश्री प्राथमिक शाला केवटीनटोला में प्रधानाध्यापक के पद पर पदस्थ है। निर्गुंडी जैसे आयुर्वेदिक महत्व के बहुउपयोगी एवं चमत्कारी औषधि गुण से युक्त पौधे पर विशेष परंपरागत सफल चिकित्सकीय प्रयोग कर अब वे निर्गुंडी के रोपण के लिए एक अभियान के रूप में कार्य कर रहे हैं।

# कांग्रेसियों ने कहा : डेढ़ साल से सड़क मरम्मत की कर रहे मांग
# विधायक ने कहा : कांग्रेसी डेढ़ साल तक सोए रहे, नहीं बनवा पाए सड़क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

■ बारिश में डामर का काम नहीं होता है, इतना भी कांग्रेसियों को नहीं पता

कांग्रेस के कार्यकाल में बारदेवरी मार्ग में कंडम हो चुकी सड़क मरम्मत की मांग को लेकर मंगलवार 5 अगस्त को कांग्रेसियों एवं उनके सर्मथकों की बाईपास से शुरू हुई रैली शहर के मुख्यमार्ग से हो कर कलेक्टोरेट पहुंची। एसडीएम ने जानकारी दिया कि कांकेर-पीढ़ापाल-बारदेवरी मार्ग के नवनीकरण के लिए 8 करोड़ 98 लाख की स्वीकृति मिल चुकी है। विदित हो कि कांग्रेस के कार्यकाल में जुलाई 2023 में नेशनल हाईवे पर नंदनमारा पुल क्षतिग्रस्त होने से बड़े वाहनो बारदेवरी मार्ग से डायवर्ट किया गया था।



सड़क पर क्षमता से अधिक भार वाले वाहन चलने से सड़क पुरी तरह कंडम हो गई। तब से सड़क बदहाल है, मार्ग में इतने गड्ढे हैं कि कहां सड़क है तथा कहां गड्ढा समझ में नहीं आता। गड्ढों के कारण लोग गिरकर घायल हो रहे हैं। कलेक्टोरेट मार्ग पर पुलिस ने बैरीकेट लगाकर रैली को रोक दिया। प्रदर्शनकारियों ने बैरीकेट को पार करने प्रयास किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों तथा पुलिस के बीच हल्की झुमाझटकी भी हुई।

इस अवसर पर जिला पंचायत सदस्य मृदुला भास्कर, राजेश भास्कर गोमती सलाम, जनपद सदस्य रोमनाथ जैन, लोमेंद्र यादव, यासीन कराणी, मनोज जैन, सुरेश नाग, चमन साहू, खोमेंद्र उइके, किशन साहू, कांग्रेस के पार्षद एवं ग्रामीण शामिल रहे। यह भी चर्चा है कि जुलाई 2023 में बारिश हुई और उसके बाद कांग्रेस सरकार के पास समय था, परंतु चुनाव दिसंबर 2024 में हुआ, एक साल में सड़क नहीं बनवा पाएं।

## मुख्यमंत्री के कुरूष्टीकुर प्रवास के दौरान सड़क मरम्मत की हो चुकी है स्वीकृति : विधायक नेताम



विधायक आशाराम नेताम ने कहा कि कांग्रेसी आज जिस सड़क को लेकर रैली निकाले, उस पर न तो भीड़ जुटी और उनका प्रदर्शन पूरी तरह से फेल नजर आया। उसका बड़ा कारण यह है कि उस क्षेत्र की जनता जान रही है कि सड़क की दुर्दशा कांग्रेस के कार्यकाल में ही खराब हुई थी। जुलाई 2023 में नंदनमारा पुल क्षतिग्रस्त हुआ और बिना योजना के कांग्रेस कार्यकाल के समय के अधिकारियों ने आनन फानन में बिना रणनीति बनाए सभी भारी वाहन को कोड़ेजुंगा से देवरी मार्ग होते हुए मार्ग को परिवर्तित कर दिया, इसी के चलते सड़क की दुर्दशा बिगड़ गई। कांग्रेस सरकार को ग्रामीणों ने अवगत कराया, परंतु एक भी नहीं सुनी। हमारी सरकार बनते ही एक साल के अंदर नंदनमारा के नए पुल को बनवाने में कामयाब रहे। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय कुरूष्टीकुर प्रवास पर घोषणा कर चुके है कि बारिश खत्म होने के बाद मरम्मत किया जाएगा। कांग्रेसियों को नहीं पता कि बारिश में डामर का काम संभव नही है। बारिश के खत्म होते ही मरम्मत कार्य पूर्ण रूप से किया जाएगा। कांग्रेसी जो कर रहे है, वो केवल अपनी राजनीति चमकाने का काम कर रहे है। इसी तरह से कांकेर से ईच्छापुर तक की सड़क जर्जर हालत में थी। पाँच साल में कांग्रेसी नही बनवा पाए, भाजपा सरकार आते ही नई सड़क फिर से बन गई। कांकेर से जुनवानी तक डॉ. रमन सिंह के सीएम रहते चौड़ीकरण हुआ, उसके आगे की सड़क का चौड़ीकरण करना कांग्रेसी भूल गए है। विष्णुदेव सरकार ने इस सड़क के चौड़ीकरण के लिए 40 करोड़ की स्वीकृति दे दिया है। कांग्रेसी बताए कि किस सड़क को बनवाया है, हो हल्ला मचाने से कुछ होने वाला नहीं है। क्षेत्र की जनता ने भाजपा और कांग्रेस दोनो सरकार का काम देखा है और उसी का परिणाम रहा कि पाँच साल में कांग्रेस को इसी जनता ने गद्दी से उतार दिया। जनता के द्वारा दिए गए बनवास काल को अच्छे से गुजारे, बेवजह के हो हल्ला करने से कुछ होने वाला नहीं है।

## कालाबाजारी पर कृषि विभाग ने कसी नकेल, निजी केंद्र पर की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

भानुप्रतापपुर विकासखण्ड के कोरर के निजी कृषि दुकानों में छापेमारी

■ किसानों को निर्धारित दर 266 रुपए में दिलवाया यूरिया खाद





की बड़ी कार्यवाही कर कालाबाजारी पर नकेल कसा गया। दुकानों में लगे पीओएस मशीनों और स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें जांच में गड़बड़ी पाई गई। कृषि विभाग की टीम ने खाद खरीदने पहुँचे 27 किसानों को 79 बोरी यूरिया खाद शासकीय दर 266 रुपए पचास पैसा के दर से दिलवाया गया। कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के निर्देशानुसार तथा उप संचालक कृषि जितेंद्र कोमरा के मार्गदर्शन में खरीफ सीजन में किसानों को गुणवत्तापूर्ण खाद, बीज और कीटनाशक उपलब्ध कराने जिला स्तर पर टीम गठित की गई है। सहायक संचालक कृषि सुधीर ददोरिया और गुंजन सिंग भदौरिया के नेतृत्व में खाद बीज निरीक्षक अमिनेश गावड़े, कृषि अधिकारी किरण भंडारी, प्रवीण कवाची, आशीष साहू ने कोरर में संचालित निजी कृषि केंद्रों में दबिश दिया। इस दौरान दुकानों में लगे पीओएस मशीनों और स्टॉक का भौतिक सत्यापन किया गया, जिसमें जांच में गड़बड़ियां पाई गई। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी भानुप्रतापपुर ने बताया कि किसानों को कोरर क्षेत्र के निजी कृषि केंद्र पर दो से तीन गुना अधिक कीमत पर रासायनिक खाद बिक्री करने की शिकायत दूरभाष के माध्यम से की गई थी। इस पर कृषि विभाग की टीम ने कार्रवाई करते हुए कोरर बाजार दिवस के दिन निजी कृषि सेवा केंद्र विजय ट्रेंड्स खाद गोदाम का निरीक्षण किया। गोदाम में मौजूदा स्टॉक में दो सौ बोरी यूरिया खाद उपलब्ध पाया गया। किसानों ने शिकायत थी कि एक बोरी यूरिया पांच से छः सौ रुपए में बेचा जा रहा है, जिस पर कृषि विभाग द्वारा तत्काल ▶▶| शेष पेज 12 पर



### कलेक्टर जनदर्शन में मांग व समस्या के मिले 43 आवेदन

**कांकेर।** कलेक्टर जनदर्शन में जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आवेदकों ने अपनी विभिन्न मांगों एवं समस्याओं को लेकर कुल 43 आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर ने प्राप्त आवेदनों पर कार्रवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित किया। गांव में मोबाइल टावर लगवाने, अतिक्रम हटाने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने, शेड निर्माण की राशि दिलाने, हैण्ड खनन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने, सोलर पंप तथा शौचालय निर्माण कराने, प्रोत्साहन राशि दिलाने जैसे विभिन्न प्रकार की मांगों व समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को आवेदनों का शीघ्र निराकरण करने हेतु निर्देशित किया।

## शासकीय भूमि पर अतिक्रमण हटवाने ग्रामीणों ने लगाई गुहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर




■ गांव के सामूहिक उपयोग अथवा विकास कार्य में आ सकती है उपयोग

कांटागांव में दो व्यक्तियों ने ग्रामवासियों की उदारता का दुरुपयोग करते हुए नवतोड़ भूमि से परे जाकर लगभग 4.25 एकड खसरा क्र 73, रकबा 11.87 व अतिक्रमण का रकबा 1.70 हेक्ट छोटे झाड का जंगल शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर लिया है। ग्रामवासियों का कहना है की यह भूमि न केवल शासन की संपति है, बल्कि ग्रामीणों के लिए सामूहिक उपयोग अथवा विकास कार्यों के लिए आवश्यक हो सकती है। ग्रामवासियों ने अतिक्रमण की निष्पक्ष जांच करते हुए कार्यवाही की माँग किया है। विकासखण्ड चारामा के ग्राम कांटागांव में रुखम सेन एवं रिखी राम सेन पिता स्व. गोवर्धन सेन काटागांव में निवासरत हैं। ग्राम में नाई काम करने के लिए गाँव में बसाया गया था, जो पारंपरिक कार्यक्रम छठी, मरनी आदि के लिए गांव में सहयोग कर सके तथा इनके जीवन यापन के लिए ग्राम वासियों द्वारा कुछ नवतोड़ जमीन दिया गया था। इन लोगों द्वारा दिए गए जमीन से हटकर ग्राम के शासकीय भूमि पर अवैध रूप से अतिक्रमण कर रखा है। उक्त दोनों व्यक्तियों के विषय में ग्राम के पुराने, वरिष्ठ एवं प्रतिष्ठित नागरिकों द्वारा ▶▶| शेष पेज 12 पर

### जांच कर कराएं कार्रवाई

शिकायत करने पहुँचे ग्रामीणों ने कहा कि कलेक्टर से हमारी माँग है कि हमारी शिकायत की जाँच निष्पक्ष करवाया जाएं और शासकीय भूमि में अतिक्रमण पाया जाता है तो जमीन को अतिक्रमण से मुक्त करवाया जाए। भविष्य में ग्राम का वातावरण शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित बना रहे, इसकी व्यवस्था की जाए।

## यातायात नियमों का उलघंन करते पाए जाने पर वसूला गया समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के लिए यातायात पुलिस कांकेर द्वारा शराब सेवन कर वाहन चलाने, तेज रफ्तार में वाहन चलाने, बिना हेलमेट मोटर साइकिल चलाने एवं अन्य यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों पर विगत तीन दिनों मे लगातार सिकंजा कसा जा रहा है। यातायात प्रभारी कांकेर दीपक सॉव एवं यातायात टीम के द्वारा जिले में आए दिन बढ़ती हुई सड़क दुर्घटनाओ मे कमी लाने के लिए विगत 3-4 दिनों से यातायात पुलिस द्वारा शहर एवं आसपास क्षेत्र में जाकर लगातार कार्यवाही कर रही है। शराब सेवन कर वाहन चालाने एवं तेज गति, मोबाइल फोन से बात करना, रजिस्ट्रेशन उल्लंघन एवं अन्य कार्यवाही पर फोकस करते हुए पिछले तीन दिनों में कार्यवाही कर शराब सेवन के कुल 11 प्रकारणों को न्यायालय में पेश किया गया व न्यायालय द्वारा अर्थदंड 1 लाख 10 हजार रूपएं का राशि से दंडित किया गया।. तेज गति के 21 प्रकरण में 25 हजार रूपएं का अर्थदंड, वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का उपयोग करने पर दो प्रकरण में 2 हजार रूपएं, मॉडिफाई साइलेंसर के तीन प्रकरण में 1 हजार 500 रूपएं, वाहनों में रजिस्ट्रेशन का उल्लंघन करने के 2 प्रकरण 6 हजार रूपएं एवं प्रेशर हॉर्न के 10 प्रकरण में 3 हजार रूपएं की कार्रवाई किया गया। इस तरह कुल 46 प्रकरणों मे 1 लाख 47 हजार रूपएं का समन शुल्क वसूल ▶▶| शेष पेज 12 पर

## कुड़ाल के बाद जूनवानी में भी पादरी व पास्टर के प्रवेश पर लगा प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर





■ गांव के चारों सीमाओं पर पादरी और पास्टर को लेकर लगाया चेतावनी बोर्ड

बस्तर अंचल में धर्मांतरण को लेकर लगातार बढ़ते विवादों के बीच अब ग्राम स्तर पर विरोध मुखर होता जा रहा है। भानुप्रतापपुर विकासखंड के ग्राम कुड़ाल के बाद अब बांसला पंचायत के आश्रित ग्राम जूनवानी में भी ईसाई धर्म प्रचारकों पास्टर और पादरी के प्रवेश पर पूर्ण प्रतिबंध लगा दिया गया है। ग्रामवासियों ने गांव की सभी सीमाओं पर चेतावनी बोर्ड लगाए हैं, जिसमें साफ तौर पर उल्लेख किया गया है कि पास्टर, पादरी और बाहरी धर्मांतरित व्यक्तियों का प्रवेश व उनके किसी भी प्रकार के धार्मिक आयोजन पर पूर्ण रोक है। यह निर्णय ग्राम सभा के प्रस्ताव के आधार पर लिया गया है।

गाँव की सीमाओं पर ग्रामीणों द्वारा लगाए गए बोर्ड में भारत के संविधान की पांचवीं अनुसूची और पेसा कानून (1996) का हवाला देते हुए कहा गया है कि अनुसूचित क्षेत्रों में ग्रामसभा को अपनी परंपरा और संस्कृति की रक्षा का संवैधानिक अधिकार प्राप्त है। ग्राम जूनवानी के गायता राजेंद्र कोमरा ने बताया कि गांव में लगातार आदिवासी धर्म परिवर्तन कर रहे हैं, जिससे हमारी संस्कृति पर संकट आ गया है। इसी कारण हम ▶▶| शेष पेज 12 पर

### पीपल मीट प्रेरणा के स्रोत : सीसीएफ दिलराज के साथ संवाद

## सफलता के मिले दो सूत्र, अटूट विनम्रता और असाधारण कार्यकुशलता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

जेपी इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों के साथ एक अनूठे कार्यक्रम पीपल समिट के तहत मुख्य वन संरक्षक दिलराज प्रभाकर से संवाद किया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्रों को प्रमुख व्यक्तित्वों के जीवन और कार्य के बारे में जानकारी प्राप्त करना। उनसे संवाद स्थापित करना है, ताकि उनके जीवन से प्रेरणा लेकर सफलतम ऊंचाई पर पहुँच पाएं।

जेपी स्कूल के 11 वीं के छात्रों ने बताया कि 5 अगस्त मंगलवार को इस बार पीपल मीट में हम लोगों को भारतीय वन सेवा के प्रतिष्ठित अधिकारी दिलराज प्रभाकर के प्रेरक विचारों को सुनने का सौभाग्य प्राप्त हुआ। उन्होंने अपनी असाधारण यात्रा के अनुभव साझा करते ▶▶| शेष पेज 12 पर




### छात्रों से मिलने के बाद सीसीएफ का अनुभव

सीसीएफ दिलराज प्रभाकर से मिलने के उपरांत उन्होने कहा कि जेपी इंटरनेशनल स्कूल कांकेर के कक्षा 11 के छात्राएं और छात्र सौजन्य भेंट एवं मार्गदर्शन के लिए मुख्य वन संरक्षक कांकेर वन वृत्त के कार्यालय में आए। बच्चों में सीखने की लगन, जिज्ञासापूर्ण ज्ञान से भरे प्रश्न, अनुशासन, भाषा पर पकड़ तथा उनका परिपक्व पूर्ण तरीके से शैक्षणिक और मानसिक विकास अत्यंत प्रशंसनीय है। बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए संस्थान द्वारा उत्कृष्ट प्रयास किया जा रहा है। आने वाले समय में ये छात्राएं और छात्र राज्य तथा देश के चहूंमुखी विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हुए नजर आएंगे।

### एक आदर्श व्यक्तित्व ने बच्चों को बहुमूल्य समय दिया

बातचीत के दौरान उन्होंने अपना फ़ोन बंद करके अपना पूरा समय और ध्यान हमें दिया। उनका यह आचरण हमें सिखाता है कि सम्मान और एकाग्रता किसी भी सफल व्यक्ति के मूल गुण होते हैं। छात्रों ने बताया कि यह केवल एक व्याख्यान नहीं था, बल्कि जीवन जीने की कला सीखने का एक अवसर था। हम सभी सीसीएफ दिलराज के आभारी हैं कि उन्होंने हमें अपना बहुमूल्य समय दिया और सफलता की राह पर चलने के लिए प्रेरित किया।

### पीपल मीट में ये रहे शामिल

पीपल मीट कार्यक्रम में शिक्षक अलकामरान अली के नेतृत्व में कक्षा 11 वीं के छात्र- छात्राओं में पावकी पाण्डेय, खुशी जैन, खोमिया पाण्डेय, प्राची, निशा, सानिध्य, सूर्यांश साहू, जागृत कुंजाम, तन्मय उसेंडी और मौलिक नाग शामिल रहे।


अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI KANKER

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

गढ़ पिछवाड़ी रोड, कांकेर, (छ.ग.)

89595-93930 • 89595-44444

## खबर संक्षेप

### भानुप्रतापपुर में शिक्षा व्यवस्था को ठीक करने जोन स्तरीय समीक्षा बैठक में दी जिम्मेदारी

**भानुप्रतापपुर।** नवीन शिक्षा सत्र 2025-26 के प्रारंभ होने के साथ विकासखण्ड भानुप्रतापपुर के समस्त संकुलों में चरणबद्ध तरीके से शासन द्वारा संचालित विभिन्न शासकीय योजनाओं की समीक्षा जोन स्तरपर किया जा रहा है।

जोन स्तर की बैठक के तहत शासकीय हायर सेकेण्डरी भीरागाँव संकुल केन्द्र भीरागाँव में संकुल केंद्र भीरागांव 1-2,आंसूलखार 1-2 एवं परवी के समस्त प्राथमिक शाला एवं माध्यमिक शाला के समस्त प्रधान अध्यापकों का समीक्षा बैठक खण्ड शिक्षा अधिकारी सदेसिंह कोमरे , खण्ड स्त्रोत समन्वयक राधेलाल नुरूटी, सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी मुकेश सोनवानी की उपस्थिति में हुई। खंड शिक्षा अधिकारी ने एनईपी 2020 के विभिन्न क्रियाकलापों एवं पहलुओं पर विस्तार पूर्वक जानकारी दिया, साथ ही शिक्षकों का शाला में नियत समय पर उपस्थिति पर चर्चा किया गया। मध्यान्ह भोजन के अन्तर्गत न्यौता भोज, शिक्षक दैनंदिन तथा कांकेर जिला की महत्वाकांक्षी योजना विद्यार्थी डायरी (शिक्षक बोलेगा, विद्यार्थी लिखेगा) पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया । खण्ड स्त्रोत सहायक के द्वारा एफएलएन के तहत विभिन्न क्रियाकलापों पर शिक्षकों से चर्चा कर शिक्षा गुणवत्ता कैसे बढ़ाएं सभी पहलुओं पर प्रकाश डाला गया तथा ड्राप ऑऊट बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा में जोड़ने तथा उन्हें प्रोत्साहित करने हेतु प्रेरित किया गया। सहायक खण्ड शिक्षा अधिकारी ने प्रतियोगी परीक्षाओं को लेकर कार्य योजना पर प्रकाश डाला तथा नवप्रवेशी बच्चों के (कक्षा पहली) के शत प्रतिशत जाति प्रमाण पत्र निर्माण पर विस्तार पूर्वक चर्चा किया । इस कार्यक्रम को सफल बनाने में संकुल प्राचार्य नेम सिंह गावरे हायर सेकेण्डरी स्कूल भीरागांव, संकुल समन्वयक प्रीतम कुमार उइके, खेमलाल साहू, शंतलाल ध्रुव, खिलानंद ठाकुर एवं सभी शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे।

# केशकाल के शिवधाम गोबराहीन में गूंजा 'बोल बम' का जयकारा, उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| केशकाल।

सावन के चौथे सोमवार को केशकाल का पावन धाम गोबराहीन 'बोल बम का नारा है, बाबा एक सहारा है' के जयकारों से गूंज उठा। सैकड़ों कावड़ियों का दल श्रृंगऋषि सिहावा से जल लेकर पैदल यात्रा करते हुए यहाँ पहुँचा और विशाल शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। इस दौरान पूरे रास्ते में श्रद्धालुओं का उत्साह देखते ही बन रहा था, जिसे पुलिस प्रशासन और स्थानीय समितियों ने भी फूल बरसाकर सराहा। कांवड़ियों का दल शनिवार दोपहर सिहावा से जल लेकर निकला था और विश्रामपुरी ब्लॉक के कोर गाँव में रात्रि विश्राम किया। सोमवार सुबह 4 बजे से ही डीजे की धुन पर नाचते-गाते ये केशकाल पहुँचे, जहाँ नगर वासियों और विभिन्न समितियों ने उनका गर्मजोशी से स्वागत किया। सावन के महीने में हर सोमवार को केशकाल के शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ रही थी, और इस अंतिम सोमवार को यह उत्साह चरम पर था।

इस पावन अवसर पर विभिन्न समितियों द्वारा क्षेत्र में भजन-कीर्तन के कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। केशकाल नगर के चौक-चौराहों में बजरंग दल के युवाओं ने आकर्षक झांकियां निकालीं, जो लोगों के बीच कौतूहल का विषय बनी रहीं। कांवड़ियों ने नगर का भ्रमण करने के बाद गोबराहीन पहुँचकर जलाभिषेक किया। यहाँ पहुँचने वाले श्रद्धालुओं के लिए ग्रामीणों ने भोजन का भी प्रबंध किया था। वहीं, व्यापारी प्रकोष्ठ के राज किशोर राठी ने अपने प्रतिष्ठान के सामने कांवड़ियों के लिए जलपान की व्यवस्था की।

## सावन के चौथे सोमवार को सैकड़ों कावड़ियों ने किया जलाभिषेक

### मानस गान से भक्ति की बही धारा

शिवधाम गोबराहीन में पूजा-अर्चना के साथ ही शानदार मानस गान का आयोजन भी किया गया। विधायक नीलकंठ टेकाम के मार्गदर्शन में, जिला पंचायत सदस्यों और अन्य वरिष्ठ नेताओं के नेतृत्व में यह कार्यक्रम संपन्न हुआ। कोर्रा प्लाट, फरसगाँव के 'शिव शरण मानस परिवार' ने अपनी मनमोहक प्रस्तुति से सभी भक्तों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस कार्यक्रम का संचालन ईश्वर नारायण बैस ने किया।



### कार्यक्रम में ये रहे मौजूद

इस महत्वपूर्ण अवसर पर कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम के उद्घाटन समारोह में जनपद पंचायत केशकाल की अध्यक्ष श्रीमती नंदनी पोटाई, आकाश मेहता जिला महामंत्री, पार्षद भूपेश चंद्राकर और महेश तारम शामिल थे। समापन समारोह में पूर्व जनपद अध्यक्ष महेंद्र नेताम, राजेश नेताम, पीताम्बर नाग और अनिल उसेण्डी जैसे प्रमुख लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने में लोकेश गायकवाड, ईश्वर बैस और प्रकाश साहू का विशेष सहयोग रहा।

## निरीक्षण : नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने दिए निर्देश

# स्वास्थ्य मंत्री जायसवाल ने किया कोंडागांव व फरसगांव के अस्पतालों का औचक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव/फरसगांव

प्रदेश के लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने मंगलवार को कोंडागांव जिले का दौरा कर जिला चिकित्सालय कोंडागांव और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, फरसगांव का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने मरीजों से बातचीत कर उनका हालचाल जाना और उन्हें मिल रही सुविधाओं की जानकारी ली। स्वास्थ्य मंत्री ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि राज्य के नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना ही शासन की पहली प्राथमिकता है।

- जिला चिकित्सालय में नये ओटी निर्माण के लिए 80 लाख रुपए की दी स्वीकृति

निरीक्षण के दौरान श्री जायसवाल ने जिला चिकित्सालय कोंडागांव में एक नए ऑपरेशन थिएटर (ओटी) के निर्माण के लिए 80 लाख रुपये की स्वीकृति भी प्रदान की। उन्होंने अस्पताल के आपातकालीन चिकित्सा कक्ष, मेजर ओटी वार्ड, सर्जिकल वार्ड और अन्य विभागों का जायजा लिया। मंत्री ने अस्पताल में सुविधाओं, दवाइयों की उपलब्धता, साफ-सफाई और मरीजों को दिए जाने वाले भोजन की गुणवत्ता की जाँच की।



### मरम्मत कार्यों की रिपोर्ट एक सप्ताह में पेश करने के निर्देश

*जिला अस्पताल में चल रहे मरम्मत कार्यों की प्रगति की जानकारी लेते हुए, मंत्री ने सीजीएमएससी के अधिकारियों को एक सप्ताह के भीतर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। उन्होंने मरीजों की बढ़ती संख्या को देखते हुए बेड की संख्या बढ़ाने और नए ऑपरेशन थिएटर के निर्माण की बात कही। इसके बाद, उन्होंने मातृ शिशु चिकित्सालय में स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग के सोनोग्राफी कक्ष का दौरा कर सोनोग्राफी कार्य को व्यवस्थित करने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएँ करने को कहा। उन्होंने स्टाफ की कमी को दूर करने के लिए जिला स्तर पर हो सकने वाली भर्तियों को शीघ्र पूरा करने और बाकी पदों पर राज्य स्तर पर भर्ती करने की बात कही।*

### मरीजों से बात कर जानी हकीकत

*स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने निरीक्षण के दौरान कई मरीजों से व्यक्तिगत रूप से बात की। उन्होंने उनसे इलाज, दवाइयों और भोजन की गुणवत्ता के बारे में पूछा। मरीजों से सीधे संवाद कर उन्होंने अस्पतालों में मिल रही सुविधाओं की जमीनी हकीकत को समझने की कोशिश की, जिससे अधिकारियों को सही और सटीक निर्देश दिए जा सकें। उनका यह कदम मरीजों के बीच विश्वास बढ़ाने वाला साबित हुआ।*

### ये रहे मौजूद

*स्वास्थ्य मंत्री के साथ इस महत्वपूर्ण दौरे के दौरान छत्तीसगढ़ मेडिकल सर्विस कॉरपोरेशन लिमिटेड के अध्यक्ष दीपक महस्के, बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं स्थानीय विधायक लता उसेंडी, स्वास्थ्य सचिव अमित कटारिया और कलेक्टर नुपूर राशि पन्ना भी उपस्थित थीं। इनके अलावा, जिला पंचायत सीईओ अविनाश भोई, अपर कलेक्टर चित्रकांत चार्ली ठाकुर, सीएमएचओ डॉ. आरके चतुर्वेदी, सिविल सर्जन डॉ. प्रेम मंडावी, फरसगांव बीएमओ डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती सहित कई स्थानीय नेता और अधिकारी मौजूद थे।*

# स्कूल मरम्मत के नाम पर एक लाख 80 हजार का उजागर हुआ घोटाला



ग्राम पटेल ने कार्रवाई करने की किया मांग

**पखांजुर।** जनपद पंचायत कोयलीबेड़ा के अंतर्गत ग्राम पंचायत परतापुर में सचिव एवं पूर्व सरपंच के द्वारा मिली भगतकर लगभग डेढ़ साल पहले शासकीय उमा विद्यालय परतापुर में शौचालय बनाने के नाम पर 1 लाख 80 हजार रुपए का गबन किए जाने का मामला सामने आया है। ग्राम पटेल ने इस मामले में जिम्मेदारों पर कार्रवाई की माँग किया है। परतापुर गांव के पटेल देवनिधि नरवास ने आरोप लगाया है कि पूर्व सरपंच राजाराम कोमरा और सचिव रैनू राम कोमरा ने मिलीभगत कर स्कूल में शौचालय के नाम से 1 लाख 80 हजार रुपए राशि का आहरण तो हो गया है, लेकिन आज तक जमीनी स्तर पर स्कूल में शौचालय निर्माण कार्य नहीं हुआ है । ग्राम पटेल ने इस बात पर भी चिंता व्यक्त किया है कि स्कूल में लगभग 300 छात्र-छात्राएं पढ़ते हैं और वे शौचालय की कमी से जूझ रहे हैं। स्कूल में पुराना शौचालय जर्जर अवस्था में है, जिस कारण बच्चों को शौच के लिए जंगल की ओर जाना पड़ता है। ग्राम पटेल ने विभागीय अधिकारियों से जल्द से जल्द मामले की जांच कर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने और स्कूल में नवीन सुलभ शौचालय निर्माण कार्य शुरू कराने की मांग किया है, ताकि छात्रों को बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

### जल्द काम शुरू होगा

इस संबंध में सचिव ग्राम पंचायत परतापुर रैनू राम कोमरा से बात करने पर उन्होंने बताया 15 वें वित्त आयोग मद से 1 लाख 40 हजार रूपए परतापुर स्कूल में शौचालय बनाए जाने के लिए निकाला गया है। जल्द ही काम शुरू किया जाएगा।

# हर घर तिरंगा अभियान की सफलता के लिए वर्चुअल बैठक का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

राष्ट्र के आदर्श मूल्यों और राष्ट्रप्रेम को जन–जन तक पहुँचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित "हर तिरंगा हर घर तिरंगा" अभियान के अंतर्गत एक वर्चुअल बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में अभियान की प्रभारी एवं भाजपा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सुश्री लता उसेंडी ने बिहार, झारखंड और उड़ीसा के प्रदेश टोली पदाधिकारियों एवं सदस्यों से जुड़कर कार्यक्रम की सफलता सुनिश्चित करने पर चर्चा की।

वर्चुअल बैठक को संबोधित करते हुए लता उसेंडी ने कहा कि एक देश, एक संविधान के सिद्धांत ने भाजपा की वैचारिक नींव को मजबूत किया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्र की एकता और अखंडता के लिए संगठन ने हमेशा स्पष्ट दिशा दी है। गरीबों, ग्रामीणों व पिछड़ों लता उसेंडी ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा आज "सेवा, संगठन और समर्पण" के मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी भावना के साथ समाज कल्याण और राष्ट्र प्रेम को प्रोत्साहित करने के लिए "हर तिरंगा हर घर तिरंगा" अभियान को जन–जन तक पहुँचाया जा रहा है। बैठक के अंत में सभी पदाधिकारियों ने यह संकल्प लिया कि हर तिरंगा हर घर तिरंगा अभियान को घर–घर तक पहुँचाकर राष्ट्र प्रेम और जनभागीदारी को और सशक्त बनाया जाएगा।



**प्रदेश पदाधिकारी व सदस्य हुए शामिल** – वर्चुअल बैठक में बिहार से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष दिलीप जायसवाल, संयोजक प्रेम रंजन पटेल, सहसंयोजक मुकेश शर्मा, नितिन अभिषेक, श्रीमती अनामिका पासवान सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। झारखंड से मनोज सिंह, नंद जी प्रसाद, शशांक राज, बबलू भगत, श्रीमती सीमा सिंह तथा ओडिशा से भाजपा प्रभारी विजय पाल सिंह तोमर, शारदा प्रसाद और सीमांचल खातई सहित अनेक पदाधिकारी वर्चुअल रूप से शामिल हुए।

# जिला अस्पताल में अव्यवस्था कांग्रेस ने मंत्री से की शिकायत

**कोण्डागांव।** स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के जिले दौरे के दौरान जिला कांग्रेस कमेटी के पदाधिकारियों ने जिला अस्पताल की बदहाल व्यवस्था को लेकर मंत्री से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अस्पताल में गंदगी और अव्यवस्था का आलम है। डॉक्टरों की भारी कमी है और अस्पताल सिर्फ 'रिफर सेंटर' बनकर रह गया है। कांग्रेस नेताओं ने बताया कि अस्पताल में हालात इतने खराब हैं कि पोस्टमार्टम के लिए स्वीपर तक उपलब्ध नहीं है। रात में डिलीवरी के लिए टॉर्च की रोशनी का सहारा लेना पड़ता है। वहीं, डीएमएफटी फंड से नियुक्त स्वास्थ्य कर्मचारियों का वेतन 4–5 महीनों से लंबित है। पूर्व मंत्री मोहन मरकाम की विधायक निधि और अन्य मदों से प्रदत्त 9–9 एम्बुलेंस अब तक जिला स्वास्थ्य कार्यालय में खड़ी–खड़ी धूल खा रही हैं। विभाग उनका रजिस्ट्रेशन तक नहीं करा पाया, जिससे जनता इनका लाभ नहीं ले पा रही है।



**मंत्री ने दिलाया कार्रवाई का आश्वासन** – स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कांग्रेस नेताओं को आश्वस्त किया कि दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी। एम्बुलेंस सेवा को जल्द ही सुचारु कर जनता को समर्पित किया जाएगा।

**ये रहे मौजूद** – ज्ञापन सौंपने के दौरान पूर्व जिलाध्यक्ष झूमूकलाल दीवान, प्रभारी महामंत्री रितेश पटेल, ब्लॉक अध्यक्ष संजय करन, शहर अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, मंडल अध्यक्ष नंदू दीवान, जिला सचिव उमर मेमन, सनी चोपड़ा, रविन्द्र दीवान और सुनील रैकवार सहित कई कांग्रेस पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# डंवरखार में आदिवासी संस्कृति की जीवंत झलक, नवई पर्व की रही धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

आदिवासी परंपराओं और प्रकृति के प्रति अगाध श्रद्धा को दर्शाने वाला नवई पर्व सरोना तहसील के अंतर्गत ग्राम डवरखार में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पर्व के दौरान गांव के गयता ने गाथा के माध्यम से कहा कि आदिवासी समाज प्रकृति का सच्चा सेवक है। जल, जंगल, जमीन का रक्षक भी। यह विचार नवई पर्व की मूल भावना को सजीव रूप में प्रस्तुत करता है। बस्तर अंचल की इस समृद्ध संस्कृति में नवई न केवल एक पर्व है, बल्कि यह प्रकृति से गहरे जुड़ाव और उसकी रक्षा का प्रतीक भी है।

इस पर्व में गांव की कुंवारी कन्याओं द्वारा ज्वार, गेहूं और जोंधरा की फसलें लगाकर नौ दिनों तक विशेष पूजा-अर्चना की जाती है। यह पूजा उस समय आरंभ होती है जब गांव की कोई कुंवारी लड़की विवाहोपरांत दूसरे गांव चली जाती है। उसके बाद नवई नया अन्न गांव में लाया जाता है। इस नव अन्न के आगमन के उपलक्ष्य में ही गांव में यह पर्व नवई के रूप में मनाया जाता है।

इस अवसर पर विशेष रूप से नवई लाने वाली महिलाओं को एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधों का वितरण किया गया। यह पहल ग्रामीणों में पर्यावरण के प्रति जागरूकता लाने और वृक्षारोपण को



बढ़ावा देने की दिशा में एक सराहनीय कदम रही। नवई पर्व न केवल आदिवासी संस्कृति के संरक्षण और संवर्धन का प्रतीक है, बल्कि यह हमें यह भी सिखाता है कि पर्यावरण, समुदाय और परंपराएं एक-दूसरे से कितनी गहराई से जुड़ी होती हैं। यह पर्व युवाओं को अपनी जड़ों से जोड़ने और समाज में एकता, समर्पण तथा उत्सव के रंग भरने का कार्य करता है।

### इन्होंने लिया भाग

पर्व में ग्राम डवरखार के प्रमुख सियानों की गरिमामयी उपस्थिति रही, जिसमें प्रताप सिंह पोया, नवलु राम शोरी, चमरू राम कुंजाम, श्याम लाल कुंजाम, झाड़ू राम पोया, बैराग शोरी, प्रकाश कुंजाम, तीरथ नेताम, वैष्णवी शोरी, रामबाई नेताम, सियासती कुंजाम और बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने भाग लिया।

# माताओं को गुणवत्तापूर्ण स्तनपान और बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कोण्डागांव

जिले में विश्व स्तनपान सप्ताह में मातृत्व और बाल स्वास्थ्य को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 7 अगस्त तक विभिन्न जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। मंगलवार को उपस्वास्थ्य केंद्र जामकोटपारा, कोपाबेड़ा और आंगनबाड़ी केंद्र गिरोला बड़ेपारा तथा गिरोला आवासपारा में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना और डीपीओ अवनी कुमार बिसवाल के मार्गदर्शन में कार्यक्रम हुए।

कार्यक्रमों में माताओं को स्तनपान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। उन्हें बताया गया कि शिशु के शुरुआती छह महीनों तक केवल माँ का दूध ही सबसे संपूर्ण आहार होता है। इसके अलावा, दूध के अन्य विकल्प, बोतल से दूध पिलाने के नुकसान और पूरक आहार के बारे में भी जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने इस बात पर जोर दिया कि स्तनपान कराने वाली माताओं को सही मार्गदर्शन और समर्थन मिलना चाहिए, ताकि शिशु का शारीरिक और मानसिक विकास सुनिश्चित हो सके। इस मौके पर बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत भी एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें लैंगिक समानता और बालिकाओं की शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला गया।



**ये रहे उपस्थित**– आयोजन में महिला एवं बाल विकास विभाग मिशन शक्ति से जिला मिशन समन्वयक श्रीमती रीना सिंह ठाकुर, जेंडर विशेषज्ञ उमेश कुमार मरापी, पर्यवेक्षक श्रीमती रूखमणी साहू, उपस्वास्थ्य केंद्र से आरएचओ और मितानिन कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### कालाबाजारी पर कृषि...

कार्यवाही करते हुए खाद खरीदने आए किसानों को शासन द्वारा निर्धारित दर में यूरिया 266 रुपए पचास पैसा, डीएपी 1350 रुपए, पोटाश 1535 रुपए और एसएसपी राखड़ खाद 495 रुपए की दर से किसानों को उपलब्ध करवाया गया। खाद खरीदने आए 27 किसानों को 79 बोरी यूरिया खाद शासकीय दर 266 रुपए पचास पैसा के दर से दिलवाई गई। कृषि विभाग द्वारा कार्रवाई कर निजी कृषि दुकान संचालकों को सख्त निर्देश देते हुए कहा गया कि किसानों के साथ लूट और काला बाजारी, जमाखोरी बर्दास्त नहीं किया जाएगी। किसानों को समझाईश दिया गया कि निजी कृषि दुकान संचालकों द्वारा अधिक दर पर रासायनिक खाद बेचे जाने पर कृषि विभाग के अधिकारियों को तत्काल सूचना दिया, ताकि अविलंब कार्यवाही की जा सके।

### शासकीय भूमि पर...

यह बताया गया है कि इनके पूर्वज मूलतः इस ग्राम के निवासी नहीं थे, बल्कि अन्यत्र क्षेत्र से यहां आकर बसे थे। ग्रामवासियों ने मानवीयता के आधार पर इनके जीवन-यापन के लिए पूर्व में ही सीमित मात्रा में नवतोड़ भूमि स्वेच्छा से दिया था, जिससे इनका भरण-पोषण सुचारु रूप से चलता रहे। इस अवैध कब्जे के कारण ग्राम के वातावरण में निरंतर तनाव की स्थिति उत्पन्न हो रही है। ग्रामवासियों में असंतोष व्याप्त है, परंतु किसी प्रकार की अशांति अथवा झगड़े से बचने के लिए अब तक संयम बरता गया है। ग्रामवासियों द्वारा इस विषय में कई बार तहसील कार्यालय में आवेदन देकर कार्यवाही की माँग किया, परंतु

## पेज 11 के शेष

कार्रवाई नहीं हुई। ग्राम पंचायत द्वारा अनेक बार रुखम सेन एवं रिखी राम सेन को ग्रामसभा एवं बैठक में आमंत्रित किया गया, ताकि आपसी संवाद द्वारा समाधान निकाला जा सके, परंतु उन्होंने किसी भी बैठक में भाग नहीं लिया और सामूहिक प्रयासों को अस्वीकार कर दिया। इसके विपरीत उन्होंने ग्रामवासियों के विरुद्ध स्थानीय पुलिस थाना में झूठी एवं भ्रामक शिकायतें भी दर्ज करवाई है, जिससे स्थिति और अधिक विकट हो गई है। रिखी राम सेन वर्तमान में ग्राम कांटागांव में ही निवास कर रहा है जबकि रुखम सेन चारामा में रहकर ग्राम के निवासियों को मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहा है।

### यातायात नियमों का...

किया गया। सेंट माइकल स्कूल और नरहरदेव स्कूल मे जाकर नाबालिक बच्चों को वाहन नहीं चलाने एवं वाहन चलाते हुए हेलमेट का उपयोग करने समझाइस दिया गया। शराब सेवन कर वाहन चलाने वाले चालकों एवं अन्य प्रकरणों में इसी प्रकार आगे कार्यवाही जारी रहेगा। साथ ही साथ भारत सरकार द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार एचएसआरपी नम्बर प्लेट बनवाने के लिए यातायात शाखा मे शिविर लगाकर अब तक 20 लोगों का सुधार के लिए रजिस्ट्रेशन किया है। नियम विरुद्ध वाहन चलाने वालों के विरुद्ध ट्रैफिक पुलिस कांकेर द्वारा आगे भी सख्त कार्यवाही जारी रहेगा।

### कुड़ाल के बाद...

लोगों ने गांव की सीमाओं में बोर्ड लगाकर पास्टर-पादरी के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाया है। जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने इस कदम को शीतला माता और ठाकुर देव की परंपरा की रक्षा बताते हुए इसे एक सांस्कृतिक सुरक्षा अभियान करार दिया। उन्होंने यह भी कहा कि ईसाई धर्म के कुछ लोग इस निर्णय का विरोध कर रहे हैं, लेकिन गांव की संस्कृति की रक्षा के लिए यह निर्णय आवश्यक था। बस्तर संभाग के आदिवासी बहुल गांवों में धर्मांतरण के खिलाफ जनजागृति लगातार बढ़ रही है। कई पंचायतों में ग्राम सभा के माध्यम से प्रस्ताव पारित कर यह तय किया जा रहा है कि धर्मांतरण करने वाले लोगों को गांव में मृत्यु के बाद दफनाने तक की अनुमति नहीं दी जाएगी।

गौरतलब है कि कुछ दिन पहले कुड़ाल गांव में एक धर्मांतरण कर चुकी महिला के शव को दफनाने को लेकर विवाद हुआ था, जिसके कारण अंततः शव को भानुप्रतापपुर ले जाकर दफनाया गया। इसी प्रकार नरहरपुर ब्लॉक के जामगांव में भी इसी तरह का विवाद सामने आया था। बस्तर संभाग पूर्ण रूप से संविधान की पांचवीं अनुसूची क्षेत्र में आता है और अब ग्राम कुड़ाल के बाद ग्राम जूनवानी भी धर्मांतरण के विरुद्ध जनमत और निर्णयों के प्रतीक के रूप में सामने आया है। विशेषज्ञों का मानना है कि आने वाले समय में बस्तर के अन्य गांवों में भी इस तरह के चेतावनी बोर्ड और सामाजिक निर्णय आम हो सकते हैं। विधानसभा और लोकसभा चुनावों के दौरान भी धर्मांतरण बस्तर क्षेत्र में एक प्रमुख मुद्दा रहा है। ग्रामीणों का मानना है कि यदि समय रहते कड़े कदम नहीं उठाए गए, तो आने वाले दिनों में सांस्कृतिक और सामाजिक संघर्ष और बढ़ सकता है।

### सफलता के मिले...

हुए हमें न केवल प्रेरित किया, बल्कि सफलता का एक नया दृष्टिकोण भी दिया। उन्होंने बताया कि कैसे वे इस सम्मानित पद तक पहुँचे और किस प्रकार प्रदेश के मुख्यमंत्री ने भी उनके कार्यों की सराहना की। उन्होंने निस्वार्थ भाव से गांवों और नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में अपने योगदान का उल्लेख किया, जिससे यह साबित होता है कि वन विभाग केवल वनों का ही नहीं, बल्कि समाज का भी रक्षक है। उन्होंने सिविल सेवाओं आईएएस, आईपीएस और आईएफएस के बीच शक्ति संतुलन पर प्रकाश डालते हुए समझाया कि क्यों आईएफएस एक अत्यंत महत्वपूर्ण और शक्तिशाली सेवा है। उनका मानना है कि असली शक्ति पद में नहीं, बल्कि उस पद से की जाने वाली सेवा में निहित है।

नैनीताल में अपने छात्र जीवन से लेकर आईएफएस अधिकारी बनने तक की उनकी यात्रा की कहानी हर छात्र के लिए एक प्रेरणा थी। उन्होंने सफलता के दो प्रमुख सूत्र दिए अटूट विनम्रता और असाधारण कार्यकुशलता। उनके शब्द सरल थे, लेकिन उनमें एक गहरा संदेश छिपा था। उन्होंने गर्व के साथ यह भी साझा किया कि कैसे उनकी पत्नी, जो राजस्थान से हैं, ने चुनौतियों का सामना करते हुए उनकी मदद से सिविल सेवा परीक्षा में सफलता प्राप्त किया। उन्होंने हमें अपनी पत्नी से भी मिलाने का वादा किया, जो स्वयं एक प्रेरणा की मिसाल हैं।

## खबर संक्षेप

### संस्था में हुआ सुंदरकांड का पाठ



**जगदलपुर।** अंजू शिक्षण एवम सिलाई संस्था में बेबी तापसी की पुण्यतिथि मनाई गई। जिसमें संस्था के नन्हे मुन्ने बच्चों एवम अंजू सिलाई सेंटर के स्टूडेंट्स ने श्रद्धांजलि अर्पित की । इस अवसर पर सुन्दरकांड का पाठ किया गया।

### रामलला दर्शनार्थियों को हरी झंडी दिखा कर किया रवाना



**लोहंडीगुड़ा।** छत्तीसगढ़ शासन की रामलला दर्शन योजना के तहत लोहंडीगुड़ा के 8 ग्रामीण को जनपद उपाध्यक्ष डॉ.बसन्त कश्यप ने मंगलमय यात्रा की कामना सहित हरी झंडी दिखा कर अयोध्या के लिए रवाना किया। ग्रामीणों में दर्शन को लेकर बहुत उत्साह है। डॉ. बसंत कश्यप जनपद उपाध्यक्ष ने बताया कि भारतीय जनता पार्टी के घोषणा के अनुसार रामलला के दर्शन करवाने की योजना पर अमल करते हुए हर माह लाभार्थियों को रामलला के दर्शन करवाया जाता है। उक्त अवसर पर मण्डल अध्यक्ष मंगतु राम कश्यप, चन्द्रशेखर ठाकुर, पूर्व जनपद सदस्य बोन्जाराम एवं अन्य जनप्रतिनिधि तथा जनपद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी धनेश्वर पाण्डे मौजूद थे।

### व्यास पूजन व तुलसीदास जयंती समारोह हुआ



**गीदम।** वीरांगना मासक देवी नाग शासकीय महाविद्यालय जावंगा गीदम में प्राचार्य डॉ. विवेक शर्मा के मार्गदर्शन एवं एनएसएस कार्यक्रम अधिकारी सुरेंद्र कुमार महला के संरक्षण में व्यास पूजन एवं गोस्वामी तुलसीदास जयंती का आयोजन गरिमामय वातावरण में किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में सुरेश कुमार यादव सहायक प्राध्यापक की उपस्थिति रही। साथ ही हरि शंकर साहू, डॉ. संजीव मांझरे, मुकेश सार्वा एवं डॉ. सम्राट ने भी अपनी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।

## निधन

### भवानी कश्यप



**जगदलपुर।** लोहंडीगुड़ा विकासखंड के चित्रकोट पुलिस चौकी प्रभारी 55 वर्षीय भवानी कश्यप का कल शहर के एक निजी अस्पताल में इलाज के दौरान निधन हो गया। वे पूर्व विधायक लच्छुराम कश्यप के छोटे भाई थे। गृह ग्राम कोड़ेबेड़ा में अंतिम संस्कार सोमवार को किया गया । अंतिम यात्रा में बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, पुलिस कर्मचारी एवं गांववासी शामिल हुए। वे पत्नी, दो पुत्र, दो पुत्री समेत भरा पूरा परिवार छोड़ गए।

# नवाचार को ग्रामीणों ने सराहा, 15 अगस्त को शिक्षकों का पंचायत करेगी सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

बस्तर विकासखण्ड के सबसे दुरस्त अंचल के शासकीय प्राथमिक शाला बड़ेपारा चेराकुर संकुल केंद्र मांदलापाल ब्लॉक

■ प्राथमिक शाला बड़ेपारा के शिक्षकों की अनोखी पहल

बस्तर में बच्चों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए एक प्रेरणादायक और रचनात्मक नवाचार देखने को मिल रहा है। शाला के प्रधान पाठक शकमलोचन पाण्डे और सहायक शिक्षक राजेश देवांगन की अनोखी पहल के चलते अब विद्यार्थी नियमित रूप से विद्यालय आ रहे हैं। बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने के उद्देश्य से दोनों शिक्षकों ने एक रोचक योजना शुरू की है, जो छात्र पूरे महीने अधिकतम दिन स्कूल आते हैं, उन्हें पुरस्कार स्वरूप पहाड़ा किताब भेंट की जाती है। यह न केवल बच्चों में गणितीय दक्षता बढ़ा रही है, बल्कि उपस्थिति के प्रति उनमें उत्साह और जिम्मेदारी की भावना भी विकसित कर रही है।



### अन्य शालाओं में भी नवाचार को लागू करवाएंगे

इस सबंध में शाला के इस नवाचार की संकुल समन्वयक देवेंद्र सोनी ने भी सराहना करते हुए कहा कि यह पहल अन्य विद्यालयों के लिए भी एक प्रेरणा बन सकती है, साथ ही बच्चों में परस्पर प्रतियोगी भावना का भी विकास होगा। इस तरह के नवाचार सभी शालाओं में भी लागू करने की अपील की है।

शिक्षकों ने बताया कि पहले कई बच्चे विद्यालय अनियमित रूप से आते थे, लेकिन जब से यह योजना लागू की गई है, तब से अधिकांश बच्चे पूरे महीने नियमित आ रहे हैं। बच्चों को जब पुरस्कारस्वरूप किताबें मिलती हैं, तो उनमें गर्व की अनुभूति होती है और वे अगली बार फिर पुरस्कार पाने के लिए प्रेरित होते हैं। अभिभावकों ने भी इस पहल की सराहना की है। उनका कहना है कि अब बच्चे स्वयं समय पर स्कूल जाने की जिद करने लगे हैं और पढ़ाई में रुचि बढ़ी है।

शाला परिवार को ग्राम पंचायत की ओर से 15 अगस्त को सम्मानित करने की घोषणा सरपंच आनन्द बघेल ने की है उन्होंने बताया कि 54 बच्चे दर्ज है प्रतिदिन 50 बच्चे से अधिक उपस्थित रहते हैं।

## इंद्रावती नदी से जल भरकर की भोलेनाथ की पूजा, नगर में उमड़ा श्रद्धाओं का सैलाब

# 500 कांवड़ियों और 200 महिला श्रद्धालुओं ने किया शिव का जलाभिषेक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम





श्रावण मास के पावन अवसर पर भोपालपटनम स्थित प्राचीन शिव मंदिर में चौथी वार्षिक भव्य कांवड़ यात्रा श्रद्धा और भक्ति भाव से सम्पन्न हुआ। इस विशेष आयोजन में भोपालपटनम सहित आस-पास के ग्रामीण अंचलों से 500 कांवड़िए और 200 महिला श्रद्धालुओं ने कलश यात्रा में भाग लिया। श्रद्धालुओं ने इंद्रावती नदी तिमेड़ घाट से पवित्र जल भर 4 किलोमीटर की पैदल चल शिव मंदिर पहुँचकर भोलेनाथ का जलाभिषेक किया।

सुबह 8 बजे मां गंगा की पूजा-अर्चना के साथ कांवड़ यात्रा की शुरुआत हुई। पारंपरिक वस्त्रों में सजे श्रद्धालुओं ने कांधे पर कांवड़ उठाकर हर-हर महादेव और बम-बम भोले के जयकारों के साथ मंदिर की ओर पदयात्रा की। रास्ते भर श्रद्धालुओं का फूलों की वर्षा से स्वागत किया गया। गोल्लागुड़ा चौक पर पेयजल की व्यवस्था नगर पंचायत द्वारा की गई थी।

इस बार की यात्रा की विशेष बात रही महिलाओं की उत्साहपूर्ण भागीदारी। 200 महिलाओं ने सिर पर कलश रखकर मंदिर तक पैदल यात्रा की और भगवान शिव की आराधना में सहभागी बनीं।

शिव मंदिर परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया था। रंग-बिरंगे गेंदा फूलों, भगवा तोरणों और झंडों से सजे परिसर ने श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक अनुभूति प्रदान की। मंदिर पहुंचकर सभी कांवड़ियों ने विधिवत रूप से शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। यात्रा के पश्चात मंदिर समिति द्वारा सभी श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया गया। इस आयोजन को सफल बनाने में नगर पंचायत भोपालपटनम, स्वास्थ्य विभाग, पुलिस प्रशासन ने भी महत्त्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। सुरक्षा, सफाई और पेयजल की व्यवस्था चाक-चौबंद रही।

शिव मंदिर समिति ने बताया कि कांवड़ यात्रा की यह परंपरा वर्ष 2022 से लगातार जारी है और हर वर्ष इसमें श्रद्धालुओं की भागीदारी बढ़ती जा रही है। यह आयोजन धार्मिक, सामाजिक समरसता, सेवा और एकजुटता का प्रतीक बन चुका है। श्रावण के चौथे सोमवार को आयोजित यह कांवड़ यात्रा भोपालपटनम में धार्मिक चेतना और संस्कृति का जीवंत उत्सव बनकर उभरी, जिसमें श्रद्धालुओं की आस्था देखते ही बन रही थी।

# वार्ड 10 की बदहाल स्थिति से जनता परेशान

**प्रशासन की अनदेखी पर भड़के पूर्व नपं उपाध्यक्ष**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

बीजापुर जिले के भोपालपटनम नगर के वार्ड क्रमांक 10 की बिगड़ती स्थिति को लेकर पूर्व नगर पंचायत उपाध्यक्ष बी. वेंकटेश्वर राव ने गंभीर चिंता व्यक्त की है। उन्होंने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि वार्ड में समस्याओं का अंबार लगा हुआ है, जिससे स्थानीय निवासी बेहद परेशान हैं।

■ अंधेरे और गंदगी के कारण जहरीले सांपों का बढ़ गया है खतरा

उन्होंने बताया कि हर शाम 6 बजे से लेकर सुबह तक आवारा पशुओं का झुंड सड़कों पर जमा रहता है, जिससे दुर्घटना की आशंका बनी रहती है। इस विषय को लेकर कई बार समाचार पत्रों में भी प्रकाशन हो चुका है, लेकिन नगर पंचायत अब तक गहरी नींद में है।

वार्ड में नालियों की सफाई न होने के कारण चारों ओर गंदगी फैली हुई है। नल-जल योजना के अंतर्गत भी नागरिकों को पर्याप्त पानी नहीं मिल रहा है। नल सिर्फ 15 मिनट के लिए चलता है, जिससे लोग मुश्किल से दो-तीन बाल्टी पानी ही भर पाते हैं।

सड़क किनारे स्थित नालियों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। बरसात के मौसम में नाली का गंदा पानी सड़क पर बहता है, जिससे संपूर्ण क्षेत्र में गंदगी फैल जाती है। इसके कारण डेंगू, मलेरिया और टाइफाइड जैसी घातक बीमारियों के फैलने की आशंका बनी रहती है।

स्ट्रीट लाइटें होने के बावजूद वे जलती नहीं हैं, जिससे रात के समय पूरा इलाका अंधेरे में डूबा रहता है। बरसात के इस मौसम में अंधेरे और गंदगी के कारण जहरीले सांपों का खतरा भी बढ़ गया है।

वेंकटेश्वर राव ने कहा कि नगर प्रशासन और जिला प्रशासन इन गंभीर समस्याओं को नजरअंदाज कर रहा है। उन्होंने जनप्रतिनिधियों की उदासीनता पर भी सवाल उठाए और मांग की कि नगर व जिला प्रशासन तत्काल प्रभाव से इन समस्याओं के समाधान हेतु आवश्यक कदम उठाएं ताकि वार्डवासियों को राहत मिल सके।

# खाद्य प्रतिष्ठानों में 65 खाद्य नमूनों की हुई जांच, 20 प्रतिष्ठानों पर जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार वर्षा ऋतु और आगामी रक्षाबंधन त्योहार को ध्यान में रखते हुए छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार प्रदेशभर में खाद्य सुरक्षा को लेकर बने खाबों-बने रहिबों राज्य स्तरीय विशेष जांच एवं जनजागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस क्रम में

■ बने खाबों-बने रहिबों विशेष जांच अभियान

दंतेवाड़ा जिले में 4 से 6 अगस्त तक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग द्वारा सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया, जिसमें जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों की गहन जांच की गई।

अभियान के दौरान खाद्य सुरक्षा और मानक अधिनियम के अंतर्गत स्ट्रीट फूड विक्रेताओं, होटल, रेस्टोरेंट, मिठाई दुकानों और किराना दुकानों का निरीक्षण किया गया। चलित खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला के माध्यम से कुल 65 खाद्य नमूनों को जांच हेतु संग्रहित किया गया। जांच के दौरान पुराना बस स्टैंड, नया बस स्टैंड चौपाटी, अंबेडकर पार्क स्थित चौपाटी सहित फास्ट फूड ठेलों से मोमोज, गुपचुप, आलू मसाला, खट्टा-मीठा पानी, फूड कलर, चाउमीन, चिल्ली सॉस, टोमैटो सॉस और खाद्य तेल के नमूने लिए गए।



वहीं, होटल और रेस्टोरेंट से बिरयानी चावल, ग्रेवी, पकी दाल, पनीर सहित अन्य व्यंजनों के , मिठाई दुकानों से रसगुल्ला, बर्फी, पेड़ा, खोया, काजू कतली, मेसूर पाक, बेसन लड्डू, नमकीन मिक्सचर, किराना दुकानों से बेसन, सूजी, आटा, मैदा, नमकीन और शक्कर के नमूने जांच के लिए लिए गए। निरीक्षण के दौरान कई प्रतिष्ठानों में सफाई व्यवस्था मानकों के अनुरूप नहीं पाई गई। इस पर 20 खाद्य प्रतिष्ठानों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए कुल 4100 रुपये का चालान किया गया।

इसके अलावा पांच व्यापारियों को नोटिस जारी करते हुए अमानक और दूषित खाद्य सामग्री को तत्काल नष्ट कराया गया। विभाग द्वारा चेतावनी दी गई कि भविष्य में यदि ऐसी लापरवाही दोबारा पाई जाती है, तो संबंधित प्रतिष्ठानों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी, जिसमें उनका खाद्य लाइसेंस निलंबित करना भी शामिल है।

### भर्ती परीक्षा में 660 परीक्षार्थियों ने लिया भाग

**दंतेवाड़ा।** जिले में प्रयोगशाला परिचारक भर्ती परीक्षा का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया, जिसमें कुल 772 अभ्यर्थियों में से 660 परीक्षार्थियों ने भाग लिया तथा 112 अनुपस्थित रहे। परीक्षा के सुचारू संचालन हेतु जिले में कुल 3 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। परीक्षा शांतिपूर्ण और निष्पक्ष माहौल में संपन्न हुई। परीक्षा संचालन हेतु छत्तीसगढ़ व्यापम द्वारा जारी 14 नए दिशा-निर्देशों का पूर्णतः पालन किया गया। इन निर्देशों के अनुसार परीक्षा केंद्रों पर सुरक्षा, गोपनीयता, परीक्षा सामग्रियों का सुरक्षित परिवहन एवं निष्पक्ष निगरानी जैसी व्यवस्थाएं सुनिश्चित की गई थीं।

# उत्कृष्ट कार्य करने पर बीजापुर को मिला सम्मान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

संपूर्णता अभियान के तहत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले जिलों और विकासखंडों को राज्य स्तरीय सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। समारोह के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने उत्कृष्ट कार्य के लिए जिलों और विकासखंडों को सम्मानित कर उनका उत्साहवर्धन किया।

इस अवसर पर बीजापुर जिले के अपर कलेक्टर भूपेंद्र कुमार अग्रवाल को आकांक्षी विकासखंड उसूर में बेहतर कार्य के लिए कांस्य पदक से सम्मानित किया गया। मुख्यमंत्री ने कहा कि संपूर्णता अभियान ने ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की गति को तेज किया है। यह अभियान ग्रामीण बदलाव का सशक्त माध्यम बन चुका है। उन्होंने कहा कि सभी जिलों और विकासखंडों ने अभियान के तहत उल्लेखनीय कार्य कर यह साबित कर दिया है कि समर्पित प्रयासों से हर क्षेत्र में सकारात्मक परिवर्तन संभव है। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, विजय शर्मा, सांसद बृजमोहन अग्रवाल, विधायक सुनील सोनी, मोतीलाल साहू, गुरु खुशवंत साहेब, मुख्य सचिव अमिताभ जैन, नीति आयोग के सदस्य सचिव आशीष भट्ट, सदस्य के. सुब्रमण्यम सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे। संपूर्णता अभियान के तहत एएनसी पंजीकरण, गर्भवती महिलाओं के पोषण, मृदा स्वास्थ्य कार्ड, बिजली युक्त स्कूल, समय पर पाठ्यपुस्तक वितरण, टीकाकरण, मधुमेह व रक्तचाप जांच, और स्व-सहायता समूहों को निधि उपलब्धता जैसे छह प्रमुख संकेतकों पर विशेष कार्य किया गया।



इन प्रयासों से ग्रामीण क्षेत्रों में विकास की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है। यह सम्मान समारोह आकांक्षी जिलों के लिए प्रेरणास्त्रोत बनकर आगे और बेहतर कार्य करने की दिशा में मार्ग प्रशस्त करेगा।

# विद्यार्थियों को पद और कर्तव्यों की दिलाई शपथ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बस्तर

डीएवी मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल करमरी में 5 अगस्त को छात्रों का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामयी वातावरण में संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के अंतर्गत छात्र नेतृत्व के विभिन्न पदों पर चयनित विद्यार्थियों को पद और कर्तव्यों की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर विद्यालय के हेड बॉय के रूप में कक्षा 10वीं के मोहित कश्यप एवं हेड गर्ल के रूप में कक्षा 10वीं की रेचल भतरा का चयन किया गया। शिक्षक प्रभारी हितेश कुमार ने सभी चयनित छात्र-छात्राओं को नेतृत्व की शपथ दिलाई तथा रामायण से प्रेरणा लेते हुए मर्यादा, दायित्वबोध, सेवा भाव और नेतृत्व कौशल पर प्रेरणादायक उद्बोधन दिया। उन्होंने प्रभु श्रीराम के चरित्र को आदर्श मानते हुए छात्रों को जिम्मेदारी, संयम और साहस के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। कार्यक्रम का मंच संचालन नम्रता साहू ने प्रभावशाली शैली में किया, वहीं धन्यवाद ज्ञापन सुश्री ऋचा देवांगन द्वारा किया गया। इस आयोजन में विद्यालय परिवार व विद्यार्थियों की उपस्थिति उल्लेखनीय रही। विद्यालय प्रबंधन ने सभी चयनित छात्रों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।



### निर्माण व स्वीकृत कार्यों का हुआ मूल्यांकन

**दंतेवाड़ा।** आदिम जाति विकास विभाग अन्तर्गत चल रहे स्वीकृत एवं निर्माण कार्यों के संबंध में कलेक्टोरेट स्थित सभाकक्ष में कलेक्टर कुणाल दुदावत के द्वारा विभागीय बैठक ली गई। बैठक में विभागीय मद अन्तर्गत नाबार्ड पोषित भवन निर्माण कार्य, यथा कन्या/बालक छात्रावास, अतिरिक्त कक्ष निर्माण, बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण अन्तर्गत आरसीसी स्लेब पुलिया निर्माण, छात्रावासों में वाटर कूलर प्रदाय, सीसी नाली निर्माण कार्य, मिट्टी मुरूम सड़क निर्माण कार्य, छात्रावासों के मरम्मत रखरखाव, के अलावा डीएमएफ निधि से स्वीकृत कार्यों के संबंध में कलेक्टर द्वारा विस्तृत दिशा निर्देश दिए गए।

# मात्र दो हजार महीने में जीवन यापन को मजबूर मध्यान्ह भोजन रसोइया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

छत्तीसगढ़ राज्य के प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में वर्ष 1996 से अपनी सेवाएं दे रहे हैं मध्यान्ह भोजन रसोईयों की स्थिति अत्यंत चिंतानजना बनी हुई है। मात्र 2000 रुपए मासिक मानदेय में कार्य कर रहे है। ये रसोइया न केवल बच्चों को पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने का उत्तरदायित्व निभा रहे है बल्कि विद्यालयी व्यवस्थाओ का भी एक अहम हिस्सा है। इस अल्प मानदेय में वे अपने परिवार का दो वक्त का भोजन तक नहीं जुटा पा रहे है। विडंबना यह है कि सरकार की तरफ से मानदेय बढ़ाने की बात को अनसुना कर दिया गया। धरातल पर कोई ठोस निर्णय नहीं दिया गया। हाल ही में चुनाव पूर्व मोदी जी की गारंटी के तरह 50 प्रतिशत मानदेय वृद्धि का वादा भी किया गया था लेकिन अब वह भी अनसुना होता दिख रहा है। छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के जिला सचिव पीला राम सिन्हा ने सरकार से मांग की है कि मध्यान भोजन रसोईयों के मानदेय में शीघ्र ही बढ़ोतरी की जाए। उन्होंने कहा कि इन रसोइयों को कम से कम 5000 मासिक मानदेय देने का आदेश जल्द जारी किया जाए। जिससे वे सामान्यपूर्वक जीवन यापन कर सके। सिन्हा ने यह चेतावनी दी कि यदि जल्द निर्णय नहीं लिया गया तो प्रदेशव्यापी आंदोलन की राह अपनाई जाएगी। यह मांग न केवल न्यायोचित है बल्कि इन मेहनतकश लोगों की गरिमा और अधिकारो की रक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है।



# प्रकृति माता की सेवा से बढ़कर और कोई काम नहीं: सरिता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बकावंड

पोस्ट मैट्रिक बालक छात्रावास बकावंड में एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया गया। छात्रावास परिसर में कई फलदार पौधे रोपे गए।

इस अवसर पर जिपं सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही, जपं अध्यक्ष सोनवारी भद्रे, जनपद उपाध्यक्ष तरुण पांडे, जनपद सदस्य अनिल सेठिया, बकावंड भाजपा मंडल महामंत्री रणवीर सिंह, कोषाध्यक्ष जगमोहन ठाकुर, मंडल संयोजक लीलाधर कश्यप, जनप्रतिनिधि एवं कर्मचारी उपस्थित थे। जिपं सदस्य सरिता जितेंद्र पाणिग्रही ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक पेड़ मां के नाम अभियान देश, धरती और पर्यावरण को बचाने के लिए शुरू किया है। मोदी द्वारा देशवासियों से पेड़ लगाने की अपील लगातार की जा रही है। श्रीमती पाणिग्रही ने कहा कि विश्व पर्यावरण दिवस के दिन एक पेड़ मां के नाम अभियान शुरू किया गया था। इस दौरान प्रधानमंत्री ने देशवासियों से अपील करते हुए कहा था कि एक पेड़ मां के नाम पर जरूर पौधरोपण करें क्योंकि दुनिया सबसे अनमोल रिश्ता मां का होता है, हम सभी के जीवन में मां का दर्जा सबसे ऊंचा होता है, धरती और प्रकृति भी हमारी मां है। सारिता पाणिग्रही ने मां, धरती और प्रकृति की महिमा का शानदार ढंग से बखान करते हुए कहा कि एक मां ने हमें जन्म दिया है, धरती माता जीवन दे रही है और प्रकृति माता हमें प्राणवायु एवं जीने के सुख साधन देती है।



वैसे भी हम बस्तर के लोग प्रकृति के परम उपासक होते हैं, इसलिए धरती और प्रकृति की सेवा करने का हमार कर्तव्य बढ़ जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को रोपे गए पौधों के संरक्षण संवर्धन करने की नसीहत दी।

### बैंकिंग सुविधा की पहुंच बढ़ेगी गांवों में

**दंतेवाड़ा।** ग्रामीण क्षेत्रों में बैंकिंग सेवाओं को सुलभ और सहज बनाने के उद्देश्य से "ग्राम पंचायत अटल डिजिटल कनेक्ट" योजना के तहत दंतेवाड़ा जिले में एक महत्वपूर्ण कदम उठाया गया है। इसी क्रम में आज कलेक्टर कुणाल दुदावत ने पांच ग्राम पंचायतों बड़े बचेली, बालूद, जावंगा, बारसूर, कारली के नये नियुक्त बैंकिंग संवाददाताओं (बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट) को मोबाइल डिवाइस प्रदान किए। नये नियुक्त हुए बैंकिंग संवाददाता दूरस्थ ग्राम पंचायतों में बैंकिंग प्रणाली डिजिटलीकरण अन्तर्गत बैंकिंग सेवाएं उपलब्ध करा सकेंगे। इस अवसर पर कलेक्टर ने नियुक्त बैंकिंग कॉरेस्पॉन्डेंट से मुखातिब होते हुए कहा कि अब गांवों के लोग घर बैठे ही महतारी वंदन योजना, प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, पेंशन, श्रमिक जैसी विभिन्न जनहितकारी योजनाओं का लाभ आसानी से प्राप्त कर सकेंगे।



# जनपद पंचायत स्तर के लंबित निर्माण कार्यों पर कलेक्टर ने जताई नाराजगी

## कार्य से संबंधित अफसरों का अब रोका जाएगा वेतन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

समय-सीमा की साप्ताहिक समीक्षा बैठक में कलेक्टर निलेश कुमार महादेव क्षीरसागर ने जिले की सभी जनपद पंचायतों में विभिन्न पुराने लंबित निर्माण कार्यों के संबंध में नाराजगी जाहिर करते हुए कहा कि या तो यह छोटे-मोटे कार्य जल्द से जल्द पूर्ण करें या फिर पूर्ण नहीं कर पाने की स्थिति में संबंधित विभाग को राशि वापस लौटा दें। उन्होंने तल्ख अंदाज में कहा कि प्रत्येक सप्ताह समीक्षा करने के बाद भी इन लंबित कार्यों में प्रगति नहीं आ रही है। ऐसे में संबंधित जनपद पंचायत के सीईओ का वेतन रोकने की कार्रवाई सख्ती से किया जाएगा। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में 5 अगस्त की सुबह साढ़े 10 बजे से आयोजित समय-सीमा की बैठक में कलेक्टर ने सभी जनपद पंचायतों में आंगनबाड़ी एवं पीडीएस सेंटर भवन निर्माण सहित ग्राम पंचायतों में बनाए जा रहे विभिन्न निर्माण कार्यों की समीक्षा करते हुए सभी जनपद सीईओ को उक्ताशय के निर्देश दिए। उन्होंने सभी अधिकारियों को जेम पोर्टल के माध्यम से ही सभी प्रकार का क्रय नियमानुसार पूरी सतर्कता के साथ करने के लिए निर्देशित किया। इसमें किसी प्रकार की अनियमितता या लापरवाही वित्तीय नियमों के उल्लंघन के श्रेणी में आएगी। सभी अधिकारी शासकीय निर्माण कार्यों से संबंधित सामग्री एवं अन्य उपकरणों का क्रय गंभीरता से करें। बैठक में कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को कहा कि ई-ऑफिस के माध्यम से ही सभी प्रकार की फाइलों एवं नस्तियों को मूव करें। उन्होंने अधीनस्थ कार्यालयों में भी ई-ऑफिस के माध्यम से सभी प्रकार के विभागीय दैनिक गतिविधियों का क्रियान्वयन करने के लिए निर्देशित किया। इसी तरह प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए इसके लाभ से आम जनता को अवगत कराने के निर्देश कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग को दिए।



### बस्तर विकास प्राधिकरण के कार्यों की हुई समीक्षा

कलेक्टर ने बस्तर क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के अंतर्गत लंबित निर्माण कार्यों की समीक्षा किया। उन्होंने वर्ष 2020-21 से लंबित निर्माण कार्यों को लेकर असंतोष जाहिर करते हुए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास को शीघ्रता से पूर्ण कराने के निर्देश दिए। पुराने कार्यों को प्राथमिकता के साथ पूरा कराने और देवगुड़ी, घोटुल भवन, सामुदायिक भवन जैसे छोटे कार्यों को अविलंब निर्माण कराने सभी जनपद सीईओ को निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### होटल, ढाबा स्ट्रीट फूड वेंडर्स की होगी जांच

**कांकेर।** लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग तथा नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन छत्तीसगढ़ शासन के निर्देशानुसार कलेक्टर नीलेश कुमार महादेव क्षीरसागर के मार्गदर्शन में बने खाबो-बने रहिबो के तहत जिले में भी विशेष जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इसके अंतर्गत स्ट्रीट फूड वेंडर्स, खाद्य परोसने वाले संस्थान, रेस्टोरेंट, ढाबा और होटलो का निरीक्षण किया गया। खाद्य नमूना के रूप में 7 सेम्पल जांच लिया गया। कार्रवाई में खाद्य औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी भारत भूषण पटेल सहित विभाग की टीम के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।

### कोयलीबेड़ा के बीएमओ का दायित्व डॉ. संजीव को मिला



**पखांजूर।** विकासखंड कोयलीबेड़ा में डॉ. संजीव वैष्णव ने विधिवत रूप से खंड चिकित्सा अधिकारी का पदभार ग्रहण किया। उन्होंने निवर्तमान खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. डीके सिन्हा से यह प्रभार संभाला। इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष बीएल कुलदीप, विवेक बढ़ई, दीप मित्र, रतन विश्वास, भागीरथी विश्वास, अरुण दुग्गा और बीटीओ सहित कई प्रमुख सदस्य मौजूद रहे।

### उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो में बच्चों को न्योता भोज



**दुर्गूकोंदल।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेडो की व्याख्याता तृप्ति गजभिए ने अपने जन्मदिन पर कन्या आश्रम बांसला में न्योता भोज का आयोजन किया। व्याख्याता ने आश्रम में बालिकाओं को अपने जन्मदिन पर पहाड़ा स्कैच पेन, पेंसिल रबर, पेन और कॉपी भेंट किया गया। इस न्योता भोज कार्यक्रम के अवसर पर सभी बच्चों वार्ड पंच और अधिक्षिका ने व्याख्याता को जन्मदिन की शुभकामनाएं दी।

### युवक की तालाब में डूबने से मौत, मर्ग कायम

**कांकेर।** कच्चे चौकी अंतर्गत 34 वर्षीय राकेश पोटाई का तालाब में डूबने से मौत हो गया। दुर्गूकोंदल थानांतर्गत मेड़ो निवासी हेमनारायण सिंहा ने पुलिस को बताया कि 3 अगस्त को मृतक तालाब में डूब गया, जिससे उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।

**प्रदर्शन : गांवों में चल रहे अवैध प्रार्थना स्थलों और ईसाई सेवा केंद्रों को बंद करने की मांग**

# सर्वसमाज ने धर्मांतरण और अवैध घुसपैठ के खिलाफ सड़क पर उतरकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर

■ ईसाई समाज द्वारा मांगी गई 5 एकड़ भूमि की मांग को खारिज किया जाए

सर्वसमाज ने धर्मांतरण, मतांतरण और अवैध घुसपैठ के खिलाफ एक दिवसीय धरना प्रदर्शन का आयोजन किया गया। हाल के दिनों में धर्मांतरण की घटनाओं में हुई वृद्धि से जनमानस में भारी आक्रोश देखा गया, जिसके चलते क्षेत्रभर से बड़ी संख्या में लोग इस प्रदर्शन में शामिल हुए। बस्तर संभाग में तेजी से बदल रही जनसांख्यिकी डेमोग्राफी को लेकर अब जनआक्रोश मुखर होने लगा है। धर्मांतरण के खिलाफ आवाजें तेज होती जा रही हैं। इसी कड़ी में मंगलवार को कांकेर जिले के भानुप्रतापपुर में सनातन समाज और सर्व हिंदू समाज के आव्हान पर मंगल भवन के सामने एक विशाल विरोध प्रदर्शन करते हुए एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। इस दौरान भानुप्रतापपुर नगर के सभी प्रतिष्ठान पूर्णतः बंद रहे। नगर पंचायत अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने कहा कि धर्मांतरण एक संवेदनशील मुद्दा है, समाज को इसके खिलाफ एकजुट होना चाहिए। भाजयुमो अध्यक्ष राजा पाण्डेय ने कहा कि बस्तर की संस्कृति को विदेशी षड्यंत्रों से खतरा है; सेवा और शिक्षा के नाम पर धर्म परिवर्तन कराया जा रहा। नगर के वरिष्ठ व्यापारी मोहन हरदवानी ने कहा कि स्वतंत्रता के बाद से हिंदू समाज को तोड़ने का कार्य जारी है। सनातन की रक्षा के लिए जनसहभागिता आवश्यक है। जिला पंचायत सदस्य देवेंद्र टेकाम ने कहा कि देवी-देवताओं में आस्था रखने वाले बस्तरवासियों को प्रलोभन देकर धर्मांतरण स्वीकार्य नहीं। ज्ञान सिंह गौर ने कहा कि ईसाई मिशनरियों को नक्सलवाद से भी बड़ा खतरा बताया, गांवों में पादरियों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगाने की बात कही। शिवसेना नेता चंद्रमौली मिश्रा ने धर्मांतरण के खिलाफ निर्णायक आंदोलन की जरूरत जताई और सरकार से आरक्षण पर पुनर्विचार की मांग किया। धरना स्थल मंगल भवन से लेकर मुख्य चौक तक एक विशाल रैली निकाली गई, जिसमें युवाओं, बुजुर्गों एवं महिलाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। अंत में मुख्यमंत्री, मुख्य सचिव, डीजीपी और कलेक्टर के नाम ज्ञापन एसडीएम को सौंपा गया। सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की जगह - जगह तैनाती रही। सर्व समाज ने स्पष्ट किया कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई, तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।





### प्रदर्शनकारियों की प्रमुख मांगें

धर्मांतरण की बढ़ती घटनाओं पर रोक लगाने के लिए कड़ी कार्रवाई की जाए। क्षेत्र में हो रही अवैध घुसपैठ को रोकने के लिए ठोस कदम उठाए जाएं और समाज एवं संस्कृति की रक्षा के लिए सार्थक और प्रभावी पहल किया जाए। गांवों में चल रहे अवैध प्रार्थना स्थलों और ईसाई सेवा केंद्रों को बंद किया जाए। ईसाई समाज द्वारा मांगी गई 5 एकड़ भूमि की मांग को खारिज किया जाए। दुर्ग रेलवे स्टेशन पर मानव तस्करी में पकड़ी गई ननों और एजेंट को कड़ी सजा मिले। डौंडी की गौशाला से 350 गायों के कत्ल की साजिश में लिप्त लोगों पर कार्रवाई हो। बांग्लादेश और म्यांमार से आए अवैध प्रवासियों की पहचान कर उन्हें देश से बाहर किया जाए। बस्तर में बढ़ते लव जिहाद और ज़मीन जिहाद पर रोक लगाई जाए। धर्मांतरण कर चुके लोगों को आरक्षण और शासकीय सेवाओं से वंचित किया जाए।

# नपं अध्यक्ष ने नगर के वार्डों का किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भानुप्रतापपुर



■ समस्याओं का किया हल

नगर पंचायत भानुप्रतापपुर के अध्यक्ष निखिल सिंह राठौर ने 5 अगस्त को नगर के विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर स्थानीय समस्याओं और विकास कार्यों का जायजा लिया। निरीक्षण की शुरुआत कांकेर रोड स्थित सामुदायिक भवन क्षेत्र से की गई, जहां पानी की निकासी की समस्या को लेकर स्थल निरीक्षण किया गया। इस क्षेत्र में संभावित कॉम्प्लेक्स निर्माण को लेकर भी चर्चा की गई।

नगर अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 6 में निर्माणाधीन स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा स्थल का निरीक्षण किया। निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयबद्ध पूर्णता पर ध्यान देने के निर्देश दिए। वार्ड क्रमांक 9 में करीब 10 लाख रुपएं की लागत से निर्मित गार्डन का भी निरीक्षण किया गया, जिसमें गार्डन के रख-रखाव, हरियाली और नागरिकों के लिए उपयोगिता पर चर्चा हुई। निरीक्षण क्रम में वार्ड क्रमांक 11 पहुंचे नगर अध्यक्ष ने वहां नाली पर बन रहे मकान के निर्माण को देखा और अधिकारियों से इस पर कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा। साथ ही नेताजी सुभाष चंद्र बोस की प्रतिमा स्थल के आसपास साफ-सफाई के निर्देश भी दिए। अंतागढ़ रोड पर स्थित डिवाइडर की मरम्मत और जीर्णोद्धार कार्य की भी समीक्षा की गई। वार्ड क्रमांक 2 और 3 में स्थित साप्ताहिक हाट और डेली सब्जी बाजार का निरीक्षण किया गया। यहां नगर अध्यक्ष ने साफ-सफाई, जल निकासी और दुकानों की सुव्यवस्था को लेकर संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। नपं अध्यक्ष ने कहा कि नगर के हर वार्ड में जनसुविधाओं के विस्तार, स्वच्छता और विकास कार्यों में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। उन्होंने अधिकारियों को समस्याओं के शीघ्र समाधान और कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सीएमओ आईएल पटेल, सब इंजीनियर हिमांशु कावड़े, तथा पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष नरोत्तम सिंह चौहान उपस्थित रहे।

# बिजली बिल हाफ योजना में कटौती पीड़ादायक व जनविरोधी निर्णय : नरेन्द्र

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चारामा

राज्य की भाजपा की साय सरकार द्वारा 400 यूनिट तक की बिजली बिल हाफ योजना में कटौती करना राज्य के लाखों उपभोक्ताओं के लिए एक अत्यंत पीड़ादायक एवं जनविरोधी निर्णय है। अभी हाल ही में साय सरकार द्वारा बिजली बिल में 20 पैसे प्रति यूनिट की वृद्धि कर आम जनता को एक झटका दिया गया था। अब बिजली बिल हाफ योजना को 400 यूनिट से घटाकर 100 यूनिट कर बड़ा झटका दिया गया है। 100 यूनिट से ज्यादा खपत पर आप को कोई छूट नहीं मिलेगी। उक्त बातें कांग्रेस नेता एवं गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने कही। गौ सेवा आयोग के पूर्व सदस्य नरेंद्र यादव ने कहा की हम सभी जानते है रमन सरकार के समय आम जनता भारी भरकम बिजली बिल की मार से त्रस्त थी। आम जनता को राहत देने के लिए पूर्ववर्ती कांग्रेस की भूपेश सरकार द्वारा 400 यूनिट तक बिजली बिल हाफ योजना आम नागरिकों ,मध्यम वर्ग, छोटे व्यापार्यों एवं किसानों को सीधे राहत देने के लिए बनाई गई थी, जिससे उन्हें महंगाई से थोड़ी राहत मिलती थी। खासकर कोरोना कल के लॉकडाउन के समय में इस योजना से छत्तीसगढ़ के गरीब एवं मध्यम वर्ग उपभोक्ताओं को बहुत राहत मिली थी। साय सरकार के इस कदम से उपभोक्ताओं को उनके खपत के अनुसार पूरा बिजली बिल देना होगा, जिससे उन पर आर्थिक बोझ में अप्रत्याशित वृद्धि होगी। यह निर्णय खासकर उन परिवार पर भारी पड़ेगा जो सीमित आय में गुजारा करते है और जिनकी मासिक बिजली खपत 400 यूनिट तक रहती थी। कांग्रेस की भूपेश सरकार ने इस योजना के माध्यम से जनहित को प्राथमिकता दी थी और लोगों को महंगाई से राहत दिलाने का प्रयास किया था, लेकिन वर्तमान साय सरकार ने भूपेश सरकार की इस योजना को डेढ़ साल तक लोकसभा, नगरीय निकाय और पंचायत चुनाव तक मजबूरी वश जारी रखा और सभी चुनाव निपट जाने के बाद इसे एक झटके में बदल दिया जो यह दर्शाता है कि उनकी प्राथमिकताओं में आम जनता नहीं है। कांग्रेस पार्टी इस निर्णय का विरोध करती है और मांग करती है कि राज्य सरकार यह जनविरोधी निर्णय को वापस लेते हुए इस योजना को पुरानी व्यवस्था की तरह चालू करें, जिससे आम जनता को राहत मिल सके। यदि सरकार ने इस पर जल्द पुनर्विचार नहीं करती है तो कांग्रेस पार्टी आम जनता के साथ मिलकर सड़कों पर उतरेगी और इस जन विरोधी नीति का पुरजोर विरोध करेगी।



# कांकेर पुलिस एक्शन मोड पर, असामाजिक तत्वों में दहशत

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर



थाना कांकेर पुलिस द्वारा विशेष अभियान के तहत गांजा, अवैध शराब,जुआ-सट्टा एवं अवैध कार्यों में संलिप्त आरोपियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जा रही है। एनडीपीएस एक्ट के एक आरोपी को गिरफ्तार कर सप्लाई -चैन नेटवर्क के आधार पर अन्य आरोपियों पताशाजी की जा रही है। जुआ-सट्टा के विरुद्ध तीन आरोपी गिरफ्तार किया गया। सार्वजनिक स्थान में शराब का सेवन करते 2 आरोपी को धर दबोचा, सार्वजनिक स्थल पर अड्डेबाजी कर लड़ाई झगड़ा कर रहे तीन आरोपी पुलिस के हत्थे चढ़े।

थाना कांकेर पुलिस ने 4 अगस्त को छापामार कार्रवाई करते हुए 11 आरोपियों को पकड़ा और उनके खिलाफ वैधानिक कार्यवाही किया गया। शराबियों, नशेड़ियों, गजेड़ियो, नशीली पदार्थ का सेवन कर उत्पात करने वाले आदतन अपराधियों एवं असमाजिक तत्वों के विरुद्ध कांकेर पुलिस द्वारा 4 अगस्त को कार्यवाही किया गया, जिसमें अवैध मादक पदार्थ गांजा की बिक्री के लिए ग्राहक तलाशने की जानकारी मिलने पर सिंगारभांठ संभव मोटर के पीछे आरोपी कांड़ेजुंगा निवासी 61 वर्षीय रोचन्द के कब्जे से 190 ग्राम मादक पदार्थ गांजा कीमत 1 हजार 150 रुपए को गवाहों के समक्ष कार्रवाई कर गिरफ्तार किया गया है। आरोपी के खिलाफ धारा 20 (ख) एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। सट्टा लिखने की जानकारी मिलने पर छापामार कार्रवाई करते हुए आरोपी गंगानगर अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 30 वर्षीय शेख शोएब पिता शेख हैदर को गिरफ्तार किया गया। आरोपी के खिलाफ छग जुआ प्रतिशेध अधिनियम धारा 6 जुआ एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। आरोपी चंगेज खान के कब्जे से दो नग सट्टा पट्टी व नकद 200 रूपए और एक पेन को जब्त कर आरोपी अन्नपूर्णापारा कांकेर निवासी 50 वर्षीय चंगेज खान पिता स्व. नौसाद अली को गिरफ्तार किया गया। आरोपी गोविंदपुर निवासी 39 वर्षीय सतीश साहू पिता स्व. वेदराम के कब्जे से दो नग सट्टा पट्टी, नगद 1 हजार 500 व एक पेन को जब्त किया गया।

सार्वजनिक स्थान में शराब सेवन करने की जानकारी मिलने पर इलाके की घेराबंदी कर कोदाभाट निवासी 35 वर्षीय रोहित नेताम पिता राम सिंह नेताम, कन्हनपुरी निवासी 32 वर्षीय हेमेश्वर नेताम पिता स्व. सोमन नेताम को गिरफ्तार किया गया। असमाजिक तत्वों के द्वारा हुल्लड़बाजी करने से मोहल्ले वालों को परेशानी होने की जानकारी मिलने पर पंडरीपानी से आरोपी कोरर थानांतर्गत मोदे निवासी 37 वर्षीय मिलाप नाग पिता अन्नू नाग, बरदेभाटा निवासी 22 वर्षीय प्रदीप नेताम पिता हीरा लाल, कन्हनपुरी निवासी 32 वर्षीय खेमेश्वर नेताम पिता स्व. सोमन नेताम और बरदेभाटा निवासी 38 वर्षीय रोहित नेताम पिता रामसिंग नेताम के विरूद्ध प्रतिबंधात्मक धारा में इस्तगाशा तैयार कर एसडीएम न्यायालय पेश किया गया।

### कार्रवाई में इनका रहा योगदान

सम्पूर्ण कार्रवाई में वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में थाना प्रभारी कांकेर निरीक्षक मनीष नागर, प्रभारी सायबर सेल निरीक्षक प्रेमप्रकाश अवधिया, प्रभारी अजाक निरीक्षक रामकुमार साव के नेतृत्व में उप निरी रामेश्वर चतुर्वेदी, सउनि वेदन सलामे, मप्रआर हितेश्वरी चेलक, प्रआर कृष्णा यादव, ओमप्रकाश कृषान, जीवधन यादव, गीतेश्वर कुलदीप, मनीराम भोई, आरक्षक शक्ति सिंह, दुर्गेश सोनवानी एवं थाना कांकेर पेट्रोलिंग टीम आरक्षक देवेन्द्र मंडावी, अमर नेताम का महत्वपूर्ण योगदान रहा है।

## रामलला तीर्थ दर्शन योजना सात लोगो जाएंगे अयोध्या



**दुर्गूकोंदल।** रामलीला तीर्थ दर्शन योजना के तहत विकासखंड दुर्गूकोंदल 7 लोगों का चयन किया गया और इन सभी श्रद्धालुओं को 5 अगस्त को रवाना किया गया। सीईओ सुरेंद्र बंजारे एवं पंचायत इंस्पेक्टर आर के किशोरे ने बताया कि रामलाल तीर्थ दर्शन योजना के तहत 55 वर्ष से अधिक उम्र के 7 लोगों को तीर्थ दर्शन हेतु भेजा गया है। इस दौरान अयोध्या, बनारस काशी विश्वनाथ मंदिर, अन्नपूर्णा देवी, रामघाट हनुमान गढ़ी सहित अन्य धार्मिक स्थानो का भ्रमण कराया जाएगा।

## ईडी ने पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर ली बैठक

**जगदलपुर।** विद्युत कंपनी जगदलपुर क्षेत्र के प्रशासनिक भवन परिसर के सभाकक्ष में पीएम सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना पर कार्यपालक निदेशक ने कार्यपालन अधिकारियों, सहायक, कनिष्ठ अभियंताओं की बैठक ली। उन्होंने कहा कि उपभोक्ताओं को इस योजना पर जागरूक करें। बैठक में सहायक मुख्य अभियंता एके गुप्ता, अधीक्षण अभियंता एनके पोयाम, कार्यपालन अभियंता, सहायक एवं कनिष्ठ अभियंता शामिल रहे।

# तम्बाकू उत्पाद बेचने वालों पर सख्ती से प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ▸▸ कांकेर

■ सार्वजनिक स्थलों और कार्यालयों में धूम्रपान करने वालों पर लगेगा जुर्माना



कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर की अध्यक्षता में राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। उन्होंने सभी अनुविभागीय अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में स्कूलों व सार्वजनिक स्थलों के आसपास ठेले, गुमटियों में तम्बाकू और उससे निर्मित विभिन्न प्रकार के उत्पाद बेचे जाने की शिकायतें अक्सर मिलती हैं। बच्चों को किसी प्रकार के नशे की लत ना पड़े, इसलिए सभी अनुविभागीय अधिकारी कोटपा एक्ट के तहत सख्ती से प्रतिबंधात्मक कार्यवाही करें। कलेक्टर निलेशकुमार महादेव क्षीरसागर के द्वारा जिले में नशे के विरुद्ध अभियान चलाते हुए सतत चालानी कार्यवाही करने, जिले के सभी कार्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों को तम्बाकू मुक्त किये जाने के साथ-साथ यथाशीघ्र जिले को धूम्रपान मुक्त किये जाने के निर्देश दिए गए। पुलिस विभाग की समीक्षा बैठक में कोटपा 2003 के विषय को भी शामिल करने तथा जिले के समस्त कार्यालयों में तम्बाकू नियंत्रण के लिए नोडल अधिकारी के नामांकित करने के निर्देश दिए गए। बैठक के दौरान तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के जिला सलाहकार डॉ. विनोद वैध द्वारा तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत जिले में की जा रही गतिविधियों के सम्बंध में अवगत कराया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरसी ठाकुर द्वारा राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम, कोटपा एक्ट 2003, कोटपा छग संशोधन अधिनियम 2021, धूम्रपान मुक्त नीतियों से अवगत कराया गया। इस अवसर पर जिला स्तर के सभी अधिकारीगण उपस्थित रहे।

तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
पता - तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी मो.नं. : 9993010732
लकवा रोग, वातरोग - सभी प्रकार के दर्द, गठियाबात, साइटिका, झुनझुनी वात, कमरदर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना का इलाज
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना का इलाज
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना का इलाज
पुरूष रोग - घातुस्राव, शीघ्रपतन व कमजोरी का इलाज
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, मासिक रुकावट का इलाज
बुखार, खांसी, स्वांसरोग, मूत्ररोग, केशरोग, दांतरोग का इलाज

